# वागड़ संदेश

wagadsandesh.com

Title Code : RAJHIN27802

वर्ष-1 अंक-93 सागवाड़ा, गुरुवार,2 दिसम्बर, 2021 अवधिः हिन्दी ई-पेपर पृष्ठ-1, मूल्य-10 रु. (वार्षिक)



सम्पर्क

ई-पेपर मे खबरे व विज्ञापन के लिये सम्पर्क करें

ई-मेल - editorwagadsandesh@gmail.com

8890633631
9309255545
6351581818


# नवाचार- गंगोद्यापन कार्यक्रम में जल संचय, पर्यावरण संरक्षण एवं बेटी बचाओ संकल्प

## 1000 कपड़े की थैलियों का वितरण





**डूंगरपुर।** जिले में पाटीदार समाज के एक परिवार ने अपने मांगलिक आयोजन में जल संचय, पर्यावरण संरक्षण एवं बेटी बचाने का संदेश देने की अनुठी पहल की है। नवाडेरा वार्ड 2 से पार्षद डायालाल पाटीदार ने बताया कि उनके माता-पिता के इगंगोद्यापन कार्यक्रम में जल संचय, पर्यावरण संरक्षण एवं बेटी बचाओ संकल्प कार्यक्रम आयोजित किया गया। कलश यात्रा के दौरान नगर परिषद सभापति अमृत कलासुआ एवं साध्वी भागीरथी भारती दीदी के सानिध्य में नवाडेरा चौराहे पर कार्यक्रम आयोजित हुआ। कार्यक्रम में पाटीदार समाज के प्रबुद्धजन, मातृ शक्ति व युवाओं द्वारा जल का संचय करने, गौ-माता व पर्यावरण संरक्षण के लिए प्लास्टिक का उपयोग नहीं करने एवं बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान के प्रति जागरूकता बढ़ाने का संकल्प लिया गया। कार्यक्रम में पाटीदार युवा मण्डल की ओर से 1000 कपड़े की थैलियों का वितरण गया वही पाटीदार परिवार की ओर से बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान के लिए 51000 रूपये की सहयोग राशि का चैक भेंट किया गया।

# लकड़हारे की धारदार हथियार से हमला कर हत्या कर दी

## पादरा गांवका मामला, शव पादरा मोड़ के पास लहूलुहान हालत में पड़ा हुआ मिला



**डूंगरपुर।** जिले में सागवाड़ा थाना क्षेत्र के पादरा गांव में एक लकड़हारे की धारदार हथियार से हमला कर हत्या कर दी।

मृतक कस शव लहूलुहान हालत में आज सुबह सड़क किनारे मिला है। दरअसल सागवाडा थान क्षेत्र के हानेला होली फला निवासी 45 वर्षीय देवीलाल डामोर लकड़हारे का काम काम करता था और गांव में घूमते हुए काम कर अपना गुजारा चलाता था। आज सुबह उसका शव पादरा मोड़ के पास लहूलुहान हालत में पड़ा हुआ मिला, जिसके सिर पर धारदार हथियार से हमले के कई निशान है।

रास्ते से गुजर रहे लोगो ने लहूलुहान शव देखकर पुलिस को सूचना दी। जिस पर सागवाडा थानाधिकारी सुरेंद्रसिंह सोलंकी मौके पर पंहुचे ओर घटना की जानकारी ली। घटना के बाद बड़ी से संख्या में गांव के लोग भी एकत्रित हो गए। फिलहाल शव मौके पर पड़ा है और उदयपुर से एफएसएल टीम को बुलाया गया है। एफएसएल टीम द्वारा साक्ष्य जुटाने के बाद शव को मौके से हटाया जाएगा।

# मौसम- 5 डिग्री की कमी के साथ 14 डिग्री पर पहुंचा तापमान

**डूंगरपुर।** जिले में 2 दिन से मौसम का मिजाज बदला हुआ है। कल सुबह से शुरू हुआ रुककर हल्की बारिश और फुहारों का दौर आज दूसरे दिन गुरुवार सुबह तक चलता रहा। रातभर हल्की बारिश हुई, जिससे तापमान में भारी गिरावट दर्ज हुई है। तापमान में 5 डिग्री की कमी के साथ 14 डिग्री पर पंहुच गया है। गुरुवार सुबह के समय बारिश रुकी हुई है, लेकिन रूक-रुककर फुहारे चल रही है। आसमान में घनघोर काले बादल छाए हुए है, जिस कारण दिन खुलने के बाद भी अंधेरे का अहसास हो रहा है। वही बरसात के कारण धुंध का भी असर देखने को मिल रहा है। धुंध के चलते दूर तक दिखाई देना मुश्किल है। वहीं जिले में पिछले 2 दिनों में ठंड का असर सबसे ज्यादा बढ़ गया है। ठंड के चलते लोग कांपने लगे। ठंड से बचाव के लिए ऊनी कपड़े तो बाहर निकलने से पहले बारिश से बचाव के लिए छाता व रैन कोट का इस्तेमाल करना पड़ रहा है। ठंड से ठिठुराये लोग घरों में दुबके रहने को मजबूर है। लोग ठंड से बचाव के तमाम प्रयास कर रहे है। वहीं बे मौसम बारिश व ठंड के चलते मौसमी बीमारियां फैलने का खतरा भी है।

# मिलावटी खाने-पीने का सामान बेचने वाले व्यापारियों पर जुर्माना, चार मामलों में कुल 6 लाख 50 हजार वसूलेंगे

**डूंगरपुर।** मिलावटी खाने-पीने का सामान बेचने वाले व्यापारियों के खिलाफ फूड कोर्ट मजिस्ट्रेट और एडीएम ने गुरुवार को फैसला सुनाया है। एडीएम कोर्ट ने 6 लाख 50 हजार रुपये का जुर्माना लगाया है।

अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट व फूड कोर्ट के पीठासीन अधिकारी कृष्णपाल सिंह चौहान ने 3 साल पुराने एक मामले और एक साल पुराने 3 मामलों में गुरुवार को फैसला सुनाया। स्वास्थ्य विभाग के फूड इंस्पेक्टर ने जुलाई 2020 में मैसर्स बालाजी मिल्क से पाश्चुरीकृत सैंपल लिया था। जांच में सब स्टैंडर्ड पाया गया। मामले में एडीएम कोर्ट ने सुनवाई पूरी करते हुए व्यापारी अशोक खटीक पर 50 हजार रुपए का जुर्माना लगाया है। इसी तरह सितंबर 2020 में मैसर्स मानव गारमेंट से रिफाइंड सोयाबीन तेल का सैंपल लिया था। जांच में तेल सब स्टैंडर्ड पाया गया। कोर्ट ने इस मामले में व्यापारी पंकज जैन पर 2 लाख 50 हजार रुपए का जुर्माना लगाया है। अक्टूबर 2020 में मैसर्स महादेव दूध डेयरी से घी का सैंपल सब स्टैंडर्ड मिला। व्यापारी नगाराम पटेल पर 2 लाख का जुर्माना लगाया है। अक्टूबर 2018 में मैसर्स स्वास्तिक उपभोक्ता से एस्ट्रीफाइट वेज फेट ब्रांड नेम श्री आरव जा सैंपल मिस ब्रांड व सब स्टैंडर्ड मिला। कोर्ट ने डेढ़ लाख रुपये का जुर्माना लगाया है। कोर्ट ने चारों मामलों में कुल 6 लाख 50 हजार का जुर्माना लगाते हुए व्यापारियों को गुणवत्तायुक्त खाने पीने की सामग्री बेचने के निर्देश दिए है।

# पादरडी बड़ी स्कूल में खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन




**सागवाड़ा।** पादरड़ी बड़ी स्कूल में क्लस्टर स्तरीय खेलकूद, एथलेटिक्स एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ।

राउमावि पादरडी बड़ी के संस्था प्रधान पवन कुमार सेवक ने बताया कि उद्घाटन सत्र के सरपंच लीला डाबी की अध्यक्षता में हुआ। मुख्य अतिथि नरेंद्र कुमार व्यास थे। विशिष्ट अतिथि शारदा व्यास, लोकेश खाट, ईश्वरलाल मोर एवं लक्ष्मी मकवाना थे। भामाशाह मुकेश मोड पटेल उपसरपंच के आर्थिक सहयोग 11000 की राशि से प्रतियोगिता को संबल प्राप्त हुआ। मुख्य निर्णायक सुरेश चंद्र जोशी के अनुसार 6 पीईईओ के कुल 112 प्रतियोगियों ने भाग लिया। जिसमें कबड्डी छात्र वर्ग में यूपीएस भचडिया(करियाणा), कबड्डी छात्रा वर्ग में पीएस डाबेला (पा .बडी), खो-खो छात्र वर्ग मे यूपीएस शिवराजपुर(सामलिया), खो खो छात्रा वर्ग मे भचड़िया (करियाणा )विजेता रही। साथ ही 50 मीटर छात्र वर्ग दौड़ में प्रथम महेंद्र नाथ जोगी भचडिया द्वितीय विक्रम पाटीदार भचडिया रहे। 50 मीटर छात्रा वर्ग दौड़ में प्रथम जानवी पाटीदार भचडिया व द्वितीय भारती डेंडोर बालिका सरोदा रही। 100 मीटर छात्र वर्ग में प्रथम महेंद्र नाथ जोगी भचडिया द्वितीय राकेश खड़ा पादरडी बड़ी रहे। इसी प्रकार 100 मीटर छात्रा वर्ग में प्रथम आंचल रोत द्वितीय जानवी पाटीदार भचडिया रही। छात्र रिले में महेंद्र जोगी आनंद पाटीदार विक्रम पाटीदार अमित पाटीदार भचडिया तथा छात्रा रीले में जानवी अंजलि नैना पाटीदार अक्षरा पाटीदार भचडिया विजेता रही।

एकल नृत्य मे जीविका उपाध्याय सामूहिक नृत्य मे जागृति सरपोटा एवं दल कविता मे जीना सरपोटा प्रथम रही।समापन जगदीश चंद्र वैष्णव प्रधानाचार्य रा उ मा वि सामलिया के आतिथ्य में संपन्न हुआ। संचालन अरविंद कुमार मेहता ने किया।ये जानकारी पीईईओ पादरड़ी बड़ी मिडिया प्रभारी नारायण लाल यादव ने दी।

# सभी विभाग शीघ्र रोस्टर रजिस्टर संधारित कर क्रियान्विति सुनिश्चित करें: निरंजन आर्य



**जयपुर।** मुख्य सचिव निरंजन आर्य ने सभी विभागों को शीघ्र रोस्टर रजिस्टर संधारित कर क्रियान्विति करने के निर्देश दिए हैं। आर्य गुरुवार को यहां शासन सचिवालय में वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से 'क्लीयर्स', पिंक लेटर्स सिस्टम और रोस्टर रजिस्टर संधारण की प्रगति की समीक्षा कर रहे थे। मुख्य सचिव ने कहा कि राज्य सरकार की मंशा के मुताबिक सभी विभाग तय फॉर्मेट के अनुसार रोस्टर रजिस्टर मेंटेन करें, कार्मिक विभाग को लिंक उपलब्ध कराएं और क्रियान्विति सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि दो सप्ताह बाद इसकी पुनः समीक्षा की जाएगी, तब तक सभी विभाग यह कार्य पूरा करें। उन्होंने सभी शासन सचिवों को स्वयं के स्तर पर मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए। आर्य ने मुख्य सचिव कार्यालय के महत्वपूर्ण पत्रों पर तुरंत कार्यवाही के लिए चलाए जा रहे चीफ सेक्रेटरी लेटर्स इयरमार्क्ड फॉर एक्शन एंड रिस्पॉन्स सिस्टम और पिंक लेटर्स सिस्टम की समीक्षा की।

# सूरत से लौटी महिला पॉजिटिव आने बाद गलियाकोट में 3 टीमें लगाकर सैंपलिंग, 230 सैंपल, घर-घर पंहुची स्वास्थ्य टीमें

**डूंगरपुर।** आठ दिन पहले सूरत से लौटी महिला के कोरोना संक्रमित मिलने के बाद 2 बेटो के साथ सूरत के अस्पताल में भर्ती है। वहीं महिला के बेटे की शादी के दौरान संपर्क में आए सभी लोगों की पहचान करते हुए उनके सैंपल लिए जा रहे है। स्वास्थ्य विभाग ने गुरुवार को गलियाकोट में 3 जगहों से 230 सैंपल लिए है और उनकी रिपोर्ट आने के बाद ही संक्रमण का दायरे का पता चल सकेगा।

डूंगरपुर मेडिकल कॉलेज की सेंट्रल लेबोरेट्री से कल बुधवार को आई रिपोर्ट में गलियाकोट के बोहरावाड़ी की एक महिला संक्रमित आई। वहीं महिला 2 बेटो के साथ सूरत में इलाज के लिए चली गई। जबकि महिला के एक बेटे की शादी 26 से 27 नवंबर को हुई, जिसमें 50 से ज्यादा लोग शामिल हुए। शादी के दौरान ओर दरगाह में जियारत के दौरान महिला कई लोगों के संपर्क में आई। गलियाकोट सीएचसी के डॉ जाखड़ ने बताया कि महिला के संपर्क में आए सभी लोगों की पहचान की जा रही है। गलियाकोट में 3 टीमें लगाकर बड़े स्तर पर सैंपलिंग करवाई गई है। एक टीम गलियाकोट पीर फखरुद्दीन की दरगाह , दूसरी टीम जमात खाना और तीसरी टीम ने हॉस्पिटल में कैम्प लगाकर 230 लोगों के सैम्पल लिए गए है। सैंपल कलेक्शन के दौरान जिन लोगों ने सर्दी-जुकाम, खांसी की समस्या बताई उन लोगो को दवाइया दे दी गई है। डॉक्टर ने बताया कि डूंगरपुर मेडिकल कॉलेज सैंट्रल लैब से कल शुक्रवार को इनकी रिपोर्ट आएगी। सीएचसी प्रभारी ने बताया कि महिला दरगाह में जियारत करने भी गई थी। ऐसे में दरगाह स्टाफ के भी सैंपलिंग करवाई गई है। वहीं लोगों को कोविड गाइड लाइन का पालन करने का संदेश भी दिया गया हैं। सागवाडा ब्लॉक सीएमएचओ डॉ पंकज खांट ने बताया कि गलियाकोट में महिला संक्रमित आने के बाद सतर्कता बरती जा रही है। ब्लॉक में सैंपलिंग का काम चल रहा है। गलियाकोट शादी समारोह में यहां के शामिल होने वाले लोगों की सूची बनाकर उनकी भी सैंपलिंग करवाई जा रही है। सीएमएचओ डॉ राजेश शर्मा ने बताया की कोरोना संक्रमण को रोकने के लिए सभी डॉक्टर व स्वास्थ्यकर्मियों को क्षेत्र में बाहर से आने वाले लोगों की सर्वे करते हुए दवाइया देने के निर्देश दिए है।

# जनवरी में होगा भाजपा का सरकार के खिलाफ 'लक्खी आंदोलन'

**जयपुर।** राजस्थान सरकार की तीसरी वर्षगांठ से ठीक पहले भाजपा ने 15 दिसंबर का जयपुर में धरना-प्रदर्शन तय किया था। मगर 15 को पंचायत चुनाव के दूसरे चरण के मतदान की वजह से फिलहाल इस आंदोलन को स्थगित कर दिया गया है।

अब यह आंदोलन जनवरी के पहले सप्ताह में हो सकता है। पार्टी ने प्रदेश स्तरीय इस आंदोलन में 2 लाख कार्यकर्ताओं को जुटाने का लक्ष्य रखा था। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा को भी इस आंदोलन में बुलाने की योजना थी, लेकिन करौली, बांरा, कोटा और श्रीगंगानगर में पंचायत चुनाव की तारीखें घोषित हो गई। इसमें दूसरे चरण के मतदान की तारीख 15 दिसंबर रखी गई है। इसी दिन भाजपा ने जयपुर में आंदोलन की घोषणा की थी। आपको बता दें कि भाजपा ने पहले उपखंड और फिर जिला स्तर पर आंदोलन करने के बाद जयपुर में बड़ा आंदोलन करने की घोषणा की थी।

# घोटाद में क्लस्टर स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिताएं आयोजित



**सागवाड़ा।** राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय पादरडी बड़ी घोटाद में क्लस्टर स्तरीय खेलकूद, एथलेटिक्स एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ। घोटाद क्लस्टर स्तरीय प्राथमिक खेलकूद प्रतियोगिता राजकीय प्राथमिक विद्यालय काशीपुरी में सरपंच प्रकाश डेंडोर के मुख्य आतिथ्य व पीईईओ व प्रतियोगिता प्रभारी वेचात डेंडोर की अध्यक्षता में आयोजित हुई।

विशिष्ट अतिथि राजस्थान शिक्षक राष्ट्रीय के जिला मंत्री कन्हैया लाल व्यास व शिक्षाविद् नवीन भट्ट थे। आयोजक संस्था प्रधान योगिता भट्ट ने स्वागत उद्बोधन देते हुए बताया कि गोवाडी, खडग़दा, वणोरी, नन्दोड,घोटाद तथा गामड़ा ब्राह्मणिया ग्राम पंचायत अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय के छात्र और छात्रा विजेता दल ने प्रतियोगिता में भाग लिया। प्रतिकूल मौसम को देखते हुए समूह गान, एकल गीत, समूह नृत्य, विचित्र वेशभूषा, कविता पाठ का मंचन हुआ। मुख्य निर्णायक हेतलाल गमोठ ने प्रतियोगिता की जानकारी देते हुए कहा कि 1 जनवरी 2011 के बाद जन्म लेने वाले राजकीय अथवा निजी विद्यालय में नियमित अध्ययनरत छात्र प्रतियोगिता में भाग ले रहे है। क्लस्टर पर विजेता दल सागवाडा के ब्लॉक स्तरीय 4 दिसंबर को आयोजित यूपीएस डामोरवाड़ा सरोदा में भाग लेगें। सांस्कृतिक प्रतियोगिता के विनर ट्राफी अमेरिकन ऑक्सफोर्ड अकेडमी गोवाडी को दी गयी। भामाशाह लीला बेन, नवीन भट्ट के सम्मान समारोह के साथ ग्राम पंचायत द्वारा विजेताओं को पारितोषिक एवं प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर पर जय माला शर्मा, गायत्री उपाध्याय, हर्ष लता भट्ट, दीपिका, गीता पाटीदार,कन्हैया लाल मीणा, प्रकाश चंद्रा अहारी,नाथू लाल पाटीदार, वीरेंद्र निमोरिया, संजय बुनकर सहित ग्राम वासी उपस्थित थे। संचालन दीपिका गमोठ ने किया तथा गीता पाटीदार ने आभार माना।

## आबकारी मंत्री ने ली विभाग की समीक्षा बैठक

# अवैध शराब की बिक्री पर लगे रोक



**जयपुर।** आबकारी मंत्री परसादी लाल मीना ने प्रदेश में अवैध शराब की बिक्री रोकथाम,1 जनवरी से सभी शराब की दुकानों को पोस मशीनों से जोड़ने, रात 8 बजे बाद शराब की दुकाने नहीं खोलने देने और उपभोक्ताओं से प्राप्त शिकायतों का तुरंत निस्तारण करने सहित कई महत्वपूर्ण निर्देश दिए। मीणा गुरुवार को सचिवालय के एनआईसी कक्ष में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए प्रदेश के आबकारी विभाग व संबंधित अधिकारियों के साथ विभाग की समीक्षा बैठक कर रहे थे। उन्होंने उपभोक्ताओं से तय दर पर शराब उपलब्ध कराने के लिए सभी शराब की दुकानों पर 1 जनवरी तक पोस मशीने लगाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिला आबकारी व संबंधित अधिकारी अपने जिलों और खासकर ग्रामीण क्षेत्रों में रात 8 बजे बाद शराब की दुकानों का निरीक्षण करें। उन्होंने सरकार द्वारा तय समय के बाद शराब की बिक्री करने वाली दुकानों पर कार्यवाही करने के भी निर्देश दिए। आबकारी मंत्री ने अधिकारियों से जिलेवार लक्षित राजस्व के बारे में जानकारी ली और सभी जिला आबकारी अधिकारियों को लक्ष्य के अनुरूप राजस्व प्राप्त करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने कुछ जिलों के राजस्व लक्ष्य प्राप्ति में पीछे रहने पर इन जिलों के लिए विशेष कार्ययोजना बनाकर लक्ष्य हासिल करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने उपभोक्ताओं द्वारा संपर्क पोर्टल या विभाग को मिली शिकायतों का निष्पादन आगामी 7 दिनों में करके आयुक्त को रिपोर्ट देने के भी निर्देश दिए हैं।